Bareilly, Monday,
4 September 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

रिद्धिमा में गीतों से सावन की फुहारों को किया याद

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 Sept): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को अभिनय, नृत्य, गायन, वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्टूडेंट्स ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. गीतों को जरिए सावन की फुहार को याद किया गया. रूठे सावन को मनाने के लिए कई सुर ताल लगाए गए. शाम गायन के विद्यार्थियों शालिनी, बीनल, आर्या, अभिश्री, अश्वत, पंखुड़ी, श्रेया, लतिका अग्रवाल ने सावन की फुहार लगाई. स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना से किया. गेस्ट परफार्मेंस के रूप में ईंदू परडल, डॉ.अनुज कुमार और डॉ. रीटा शर्मा ने श्रोताओं को अपने सुरों से मंत्रमुग्ध कर दिया और स्टूडेंट्स की भी हौसला अफजाई की. कुंवर पाल, हिमांशु चंद्रा, टुकुमनी सेन, चंद्र मोहन और सूर्यकांत चौधरी ने साथ दिया. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता रहे.